भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2480**

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुष उद्यमिता को बढ़ावा देना**

2480. श्री अजय भट्ट:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में आयुष उद्यमिता के विकास के लिए आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देने संबंधी कोई योजना प्रस्तावित की गई है;

(ख) यदि हां, तो उत्तराखंड सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अनुसंधान, नवाचार, प्रबंधन, चिकित्सा और उच्च शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण के अवसरों में युवाओं और वैज्ञानिकों को शामिल करने के लिए कोई प्रस्ताव तैयार किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

**(**क) और (ख): कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने अपने स्वायत्त संगठन**,** राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में आयुष क्षेत्र में उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलें की हैं। एनआईईएसबीयूडी ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के साथ 17.10.2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा एनआईईएसबीयूडी ने**,** आईआईएम लखनऊ एंटरप्राइज इनक्यूबेशन सेंटर (आईआईएमएल-ईआईसी) के सहयोग से आयुष क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3-दिवसीय प्री-इन्क्यूबेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। संस्थान ने इस पहल के तहत तीन प्री-इन्क्यूबेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और उत्तराखंड के तीन प्रतिभागियों सहित कुल 93 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया है। राज्यवार विवरण संलग्नक-1 पर हैं।

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली ने आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता के लिए एक इन्क्यूबेशन सेंटर यानी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान-इन्क्यूबेशन सेंटर फॉर आयुर्वेद इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (एआईआईए-आईसीएआईएनई) की स्थापना की है ताकि नए युग के उद्यमों के एक समूह को एकत्रित किया जा सके और अकादमिक ज्ञान का लाभ उठाते हुए उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके।

आयुर्वेद स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज को आयुष क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें शामिल प्रमुख हितधारक आयुष मंत्रालय, एआईआईए और स्टार्ट अप इंडिया हैं। आयुष क्षेत्र में नवाचारी समाधान और उत्पाद प्रस्तुत करने वाले स्टार्टअप को अनुदान और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सभी स्टार्टअप को विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से

संभावित निवेशकों, उद्योगपतियों और अन्य उद्यमियों से जुड़ने के अवसर मिलते हैं। विजेताओं और होनहार स्टार्टअप्स को मान्यता मिलती है जो उनकी विश्वसनीयता और बाजार दृश्यता को बढ़ा सकती है। पहले तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

(ग) और (घ): जी हां, आयुष मंत्रालय (एमओए) के तहत राष्ट्रीय संस्थानों और अनुसंधान परिषदों के माध्यम से अनुसंधान, नवाचार, प्रबंधन, चिकित्सा और उच्च शिक्षा के क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण के अवसरों में युवाओं और वैज्ञानिकों को शामिल करने के लिए कई पहलें की गई हैं। केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) जो एमओए के तहत एक अनुसंधान परिषद है, ने युवाओं के बीच आयुर्वेद को बढ़ावा देने और अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहलें की हैं। परिषद अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से आयुर्वेदिक ज्ञान का प्रसार करती है। परिषद राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय आरोग्य मेलों, स्वास्थ्य शिविरों, प्रदर्शनियों और अनुसूचित जाति उप-योजना (एससीएसपी) अनुसंधान कार्यक्रम और जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम (टीएचसीआरपी) जैसे आउटरीच कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेती है। इसके अतिरिक्त, सीसीआरएएस वेबसाइट आईईसी सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करती है और व्यापक पहुंच के लिए अन्य प्रासंगिक प्लेटफार्मों से हाइपरलिंक्ड है।

अनुसंधान को बढ़ावा देने और आयुर्वेद के छात्रों को, अनुसंधान कार्य को एक कैरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने, अनुसंधान योग्यता का सृजन करने और आयुर्वेद में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के लिए एक आधार स्थापित करने के लिए, सीसीआरएएस निम्नलिखित कार्यक्रमों को लागू कर रहा है:

i. आयुर्वेद अनुसंधान केन (स्पार्क) के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम: अनुसंधान के प्रति रुचि और योग्यता को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेद स्नातकों को वित्तीय सहायता।
ii. आयुष पीएच.डी फ़ेलोशिप: शोध छात्रों के लिए फ़ेलोशिप समर्थन।
iii. पोस्ट-डॉक्टोरल फैलोशिप (पीडीएफ): उन्नत आयुर्वेद अनुसंधान के लिए समर्थन।
iv. स्मार्ट कार्यक्रम: आयुर्वेद शिक्षा और तृतीयक देखभाल अस्पतालों के बीच एकीकृत अनुसंधान को सुविधाजनक बनाना।
v. सीसीआरएएस-एजीएनआई (2023-24): उपचार, फॉर्मूलेशन और उपकरणों सहित पांच श्रेणियों में आयुर्वेद प्रथाओं के साक्ष्य-आधारित सत्यापन को बढ़ावा देना।

इसके अलावा आयुष शैक्षणिक संस्थानों में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में उच्च शिक्षा, उन्नत अनुसंधान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मजबूत करने के लिए स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) और डॉक्टरेट (पीएचडी) कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आयुष शिक्षा के मजबूत विनियमन और मानकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए सितंबर 2020 में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) अधिनियम, 2020 और राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) अधिनियम, 2020 अधिनियमित किए गए थे। एनसीआईएसएम आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा चिकित्सा पद्धतियों में शिक्षा और अभ्यास को नियंत्रित करता है, जबकि एनसीएच होम्योपैथी शिक्षा और अभ्यास को नियंत्रित करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों के साथ आयुष शिक्षा को संरेखित करते हुए, ये आयोग अभूतपूर्व स्तर पर पारदर्शिता, दक्षता और छात्र-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे आयुष क्षेत्र में गुणवत्ता आश्वासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मजबूत किया जा रहा है।

*****

**संलग्नक -I**

| क्रं. सं | राज्य | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 10 |
| 2 | दिल्ली | 6 |
| 3 | उत्तराखंड | 3 |
| 4 | पंजाब | 5 |
| 5 | मध्य प्रदेश | 5 |
| 6 | गुजरात | 9 |
| 7 | केरल | 8 |
| 8 | महाराष्ट्र | 16 |
| 9 | कर्नाटक | 18 |
| 10 | ओडिशा | 1 |
| 11 | गोवा | 5 |
| 12 | मेघालय | 1 |
| 13 | आंध्र प्रदेश | 1 |
| 14 | तमिलनाडु | 5 |
| | **कुल** | **93** |